हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 24 जून 2024

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 24.9 डिग्री



नर्मदा नगर चौक के पास गौरव पथ की सड़क धंसी। जहां भरा रहता है पानी।



## खबर संक्षेप

### सीजी मेंस की परीक्षा आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 24, 25, 26 और 27 जून को संभाग मुख्यालय रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर एवं बिलासपुर में होगी। इन सभी जिलों में सेंटर बनाया गया है। इसमें 24 जून सोमवार को प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पहला प्रश्न पत्र भाषा, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक में दूसरा प्रश्न पत्र निबंध परीक्षा होगी। 25 जून मंगलवार को सुबह 9 से 12 बजे में तीसरा प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-प्रथम और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चौथा प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-द्वितीय का होगा। 26 जून बुधवार को सुबह 9 से 12 बजे पांचवां प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-तृतीय और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक छठवां प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-चतुर्थ होगा।

ट्रेनों में बर्थ की मारामारी

### हावड़ा-अहमदाबाद में पैर रखने तक की जगह नहीं



**बिलासपुर।** जोनल स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में बर्थ को लेकर मारामारी है। ट्रेनों के लगातार कैंसिल होने से बचे हुए ट्रेनों में अब भीड़ बढ़ गई है। यात्री शौचालय और गेट के सामने सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। स्लीपर और जनरल कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं है। रविवार को हावड़ा-अहमदाबाद ट्रेन की हालत भी कुछ ऐसी थी। इसके सभी कोच खचाखच भरे हुए थे। इसमें पैर रखने तक की जगह नहीं थी। सीट के लिए लोग आपस में लड़ते भी दिखे। बड़ी संख्या में ट्रेनों के रद्द होने से अब वेटिंग भी बढ़ गई है। ऐसे में स्लीपर वाले एसी कोच तक घुसकर बैठ रहे हैं।

### स्व. लखीराम सभागार में मेगा प्लेसमेंट कैंप 27 को

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति सभागार में 27 जून को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया हा रहा है। कैम्प में कृषि, उद्योग, निर्माण, इन्श्योरेस, सुरक्षा, फाईनेस, बैंकिग, सर्वेयर, आईटीआई, कम्प्यूटर, फायर एण्ड सेफ्टी जैसे विभिन्न सेक्टरों से संबंधित लगभग 6 हजार 158 रिक्त पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। इन पदों के आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पद अनुसार आठवीं से स्नातक तक निर्धारित की गई है। कैंप में चयनित आवेदकों को कैम्प स्थल पर ही जनप्रतिनिधियों द्वारा ऑफर लेटर दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस के साथ कैंप में शामिल हो सकते हैं।

### ट्रांसपोर्टर का अपहरण कर लूटः दो गए जेल

**बिलासपुर।** ट्रांसपोर्टर का अपहरण कर 35 हजार रुपए लूटने के मामले दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया था। दोनों को पुलिस रिमांड में पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 15 फरवरी 2024 को सरजूबगीचा निवासी ट्रांसपोर्टर राकेश सिंह को गाड़ी खरीदने का झांसा देकर बड़ी कोनी निवासी सौरभ सिंह ठाकुर, अरियंत मिश्रा व अन्य युवक ने मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद गाड़ी बेचने का सौदा कर पैसा देने की बात कहकर कोनी ले गए थे। वहां मारपीट कर आनलाइन 35 हजार ट्रांसफर करा लिया। किसी तरह राकेश सिंह उनकी कार से कूदकर भाग निकले थे। चार माह बाद आरोपी सौरभ सिंह ठाकुर, अरियंत मिश्रा ने कोर्ट में सरेंडर किया था। पुलिस ने दोनों को रिमांड में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# 800 से अधिक लोगों ने कराया नियमितीकरण, लेकिन 10 करोड़ की राशि जमा नहीं कर रहे, अब 9 महीने से बैठक ही नहीं हो पा रही

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नियमितीकरण कराने की आस में इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। वैसे तो 5 हजार से अधिक मामले पेंडिंग हैं लेकिन पहली बैठक में कुल 1200 से अधिक फाइलें तैयार हैं लेकिन प्रशासन की बैठक में 9 महीने से नहीं हो पा रही है। कहा जा रहा है कि शासन के निर्देश का इंतजार है। इसके बाद इन प्रकरणों पर नियमितिकरण का फैसला लिया जाएगा।

खास बात है कि पहले आवासीय मामलों का निराकरण होगा, उसके बाद ही व्यावसायिक आवेदनों पर ध्यान दिया जाएगा। दूसरी ओर जिले के 800 से अधिक लोगों ने अवैध निर्माण को नियमितीकरण प्रक्रिया के तहत वैध तो कर दिया लेकिन अब जुर्माने का पैसा नहीं दे रहे हैं। पिछले साल अगस्त 2023 में अवैध निर्माण को वैध करने आवेदन मंगवाए गए थे, उस हिसाब से करीब 10 माह हो चुके हैं, लेकिन इन लोगों ने करीब 10 करोड़ रुपए की राशि जमा नहीं की है। ऐसे लोगों को अंतिम नोटिस जारी किया किया गया है।

गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने अवैध निर्माणों को वैध कराने के लिए लोगों को बड़ा मौका दिया था। इसके लिए जिले भर से अनियमित आवासीय एवं गैर आवासीय भवन निर्माण के नियमितीकरण के लिए 12 हजार के करीब आवेदन किए गए थे। इसमें से साढ़े 5 हजार लोगों ने नियमितिकरण करा लिया है तो 5 हजार मामले 6 महीने से पेंडिंग पड़े हैं। लंबित मामलों में 4 हजार आवासीय और एक हजार व्यावसायिक आवेदनों पर सुनवाई नहीं हो सकी है। पिछले करीब 9 महीने से एक बैठक नहीं हो सकी है।

### निगम में शामिल हुए गांवों से आवेदन कम

गौरतलब है कि निगम में शामिल हुए 15 गांवों में 55 हजार रेसीडेंशियल और कमर्शियल प्रापर्टी है, लेकिन निगम इसके मुकाबले नियमितीकरण कराने के लिए आवेदनों की संख्या काफी कम है। यहां ध्यान रहे कि पहले नियमितीकरण की प्रक्रिया कठिन थी। इसे थोड़ा शिथिल कर नया नियम लाया गया है। इसके बाद भी शहरवासी अपने मकानों और दुकानों को नियमित कराने को तैयार नहीं है। इसकी बड़ी वजह लोगों को जानकारी नहीं होना है, जबकि फ्री में नियमित कराने का मौका है।

- जिले में कुल पेंडिंग 5 हजार मामलों में से 4 हजार आवासीय और एक हजार व्यावसायिक मामले
- साढ़े 5 हजार के करीब आवेदनों का निराकरण, प्रशासन को 21 करोड़ का राजस्व भी अभी तक मिला

### 40 हजार से अधिक अवैध निर्माण शहर में

अवैध निर्माणों पर नजर डालें तो इसकी संख्या 40 हजार के पार होगी। इसमें बिना अनुमति निर्माण और नक्शे के खिलाफ निर्माण शामिल है लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि पेनाल्टी के डर से कई लोगों अपने मकानों और दुकानों की नियमितीकरण के लिए आवेदन ही नहीं दिया। नियमों-प्रावधानों पर नजर डालें तो 120 वर्ग मीटर यानी 1291 वर्ग फीट तक में बने मकानों का नियमितीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद वर्गफीट और जगह के हिसाब से शुल्क लेते हुए अनियमित निर्माण को नियमित किया जा रहा है। जिनके मकान फ्री में नियमित होंगे, वे लोग भी आवेदन नहीं किए।

### 21 करोड़ जमा कराए गए, 10 करोड़ बाकी

ज्ञात हो कि कुल आवेदनों की समीक्षा के बाद उसकी छंटाई की गई। इसमें से 10 हजार आवेदनों को वैध करने की दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को भेजा गया। इसमें से 5 हजार लोगों के अवैध निर्माण को नियमित करने हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया था। इसमें से 4200 लोगों ने 21 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि जमा कर दी है, जबकि करीब 800 ऐसे हैं जिन्होंने जुर्माने की 10 करोड़ 64 लाख रुपए की रकम ही अदा नहीं की है। हालांकि उन्हें उसी समय निगम की ओर से जारी डिमांड नोट में कहा गया था कि जितना जुर्माना लगाया गया है, उसे 15 दिनों के भीतर जमा करवा दें, लेकिन लोगों ने जुर्माना अदा नहीं किया है।

### निर्देश का इंतजार

फिलहाल तो नियमितिकरण के लिए कोई बैठक नहीं हो रही है। शासन के निर्देश का इंतजार है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की ओर से फाइलें तैयार कर ली गई हैं। डिमांड भी जारी नहीं किया जा रहा है।

**- भानू प्रसाद पटेल,** ज्वाइंट डायरेक्टर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

## छठ घाट के बगल में 15 करोड़ में बन रहा अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क



# 15 करोड़ का काम 10 कदम नहीं चल सका प्लिंथ की उंचाई तय करने में लगा दिए 1 साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांवों के गोठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर शहरों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाने हैं। बिलासपुर में इसके लिए छठ घाट के बाजू में एसएलआरएम सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन पर इसे बनाया जा रहा है, लेकिन साल भर में प्लिंथ कितना ऊपर होगा यही चयन नहीं हो सका था। बड़ी मुश्किल से निगम, हाउसिंग बोर्ड और ठेकेदार ने इसे तय किया तो काम कछुआ गति से चल रहा है। साल भर पहले शुरू हुआ इसे प्रोजेक्ट में अभी कुछ ईंट और छड़ ही डाले गए हैं और बेस तैयार किया जा रहा है। रायपुर की ठेका कंपनी मेसर्स पिक कंस्ट्रक्शन को यह काम दिया गया है। ठेकेदार का दावा है कि अगले एक साल में काम पूरा हो पाएगा।

ज्ञात हो कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कॉटेज) और सेवा (सर्विस) उद्योग का विकास करने के लिए महात्मा गांधी छत्तीसगढ़ अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की घोषणा की थी। अधिकारियों के मुताबिक योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन विकसित करना है। इस योजना के तहत स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप कच्चे माल के स्त्रोत, सर्विस, उद्योग एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देना है। योजना अंतर्गत छठ घाट के पास की खाली जमीन को इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है।




अब काम शुरू हुआ तो मौके पर मिले 8 मजदूर

**साल भर पहले शुरू हुआ इसे प्रोजेक्ट में अभी कुछ ईंट और छड़ ही डाले गए**

### महिलाओं के लिए बन रहा सिलाई सेंटर

योजना के तहत 2 हजार 3 हजार वर्गफीट के छोटे प्लाट काटकर उद्यमियों को दिया जाना है। इसमें कुल कुल 35 प्लाट काटे जाने की तैयारी है। पूरा काम सीईएसआईडीसी की तर्ज पर होगा जैसा कि सिरगिट्टी और तिफरा में उद्योग स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में 15 करोड़ रुपए में 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए शेड और दूसरी व्यवस्था हाउसिंग बोर्ड कर रहा है तो सड़क, नाली, पानी का काम निगम के जिम्मे हैं। निगम ने इसके लिए टेंडर भी कर दिया है। 800 से अधिक सिलाई मशीन खरीदी के लिए भी टेंडर जारी हो गया है।

### तेजी से शुरू किया गया है काम

प्लिंथ कितना ऊंचा होगा यह तय करने में कुछ समय लग गया। अब काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। एक साल में इसे पूरा करने का टारगेटा रखा गया है। इसमें टेलरिंग शेड के साथ ही बेसिकर स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। पार्किंग के साथ वास रूम और आफिस में बनाए जाएंगे।

**- एमडी पनारिया,** अपर संचालक, हाउसिंग बोर्ड

### बेरोजगारों को रोजगार मिलने का दावा

योजना के तहत जिस निकाय में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया जाना है, वहां के बाजार की संभावना के आधार पर उद्योग स्थापति किए जाएंगे। इसके लिए शासन के माध्यम से मूलभूत अधोसंरचना, तकनीकी मार्गदर्शन और विक्रय के लिए व्यवस्था भी करनी होगी। योजना के तहत प्रमुख रूप से शहरी आजीविका विकास को केंद्र बिंदु में रखते हुए स्थानीय, शासकीय एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शहरी उत्पादन और सेवा केंद्र के रूप विकसित किया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि इंडस्ट्रियल पार्क बनने से शहर के गरीब तबके के बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा।

### साल भर लेट, मौके पर मिले 8-9 मजदूर

योजना के तहत 15 करोड़ की राशि में 4 हजार वर्गमीटर में सिर्फ टेरलिंग शेड और पार्किंग बनाई जा रही है। पूरे बजट की व्यवस्था डीएमएफ से की जा रही है। योजना के पहले चरण को सितंबर 2023 तक पूरा करना था लेकिन अभी इसमें साल भर और लग सकता है। फिलहाल भी काम सुस्ती से चल रहा है और मौके पर 8-9 मजदूर काम करते देखे जा सकते हैं। सुपरवाइजर ने बताया कि मजदूरों की संख्या जल्द बढ़ाई जाएगी। ठेकेदार एआर मिश्रा के मुताबिक निगम और हाउसिंग बोर्ड से प्लींथ निर्धारण में देरी हुई इसलिए काम भी देरी से शुरू हुआ। कोशिश है कि साल भर में इसे पूरा कर लिया जाए।

# पकड़े गए तस्कर, 42 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



**दो युवक गिरफ्तार, दो बैग छोड़ हो गए फरार**

अब सड़क मार्ग की जगह ट्रेनों से गांजा सहित अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। रविवार को उसलापुर स्टेशन में अलग-अलग मामलों में 42 किलो गांजा आरपीएफ ने जब्त किया। इस दौरान दो युवक पकड़ में आए और दो फरार हो गए।

उसलापुर आरपीएफ आउटपोस्ट प्रभारी उप निरीक्षक एनपी मिश्रा ने बताया कि प्लेटफार्म दो पर दो संदिग्ध युवकों के बैठे होने की सूचना मिली, इस पर प्लेटफार्म दो पर सर्चिंग शुरू की गई, तभी फुटओवरब्रिज के पास बैठे 2 युवक जवानों को आते देख बैग उठाकर जाने का प्रयास करने लगे। आरपीएफ ने दोनों युवकों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम शुभम कोल निवासी जबलपुर ट्रांसपोर्ट नगर व दूसरे ने अपना नाम रविंद्र कुमार गौटिया निवासी मनमनोहन नगर रांची बताया। बैग की तलाशी ली गई तो एक बैग में 15 किलो और दूसरे बैग से 9 किलो गांजा बरामद हुआ। युवकों ने बताया कि वे गांजा ओडिशा से खरीदकर कटनी में इसे खपाने ले जा रहे थे। दोनों के खिलाफ 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



आरोपियों से जब्त बैग।

### टीटीई ने पकड़ा 18.7 किलो गांजा

उसलापुर स्टेशन पर 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन के आगमन के दौरान प्लेटफार्म संख्या 2 पर चेकिंग के दौरान टीटीई जेपी खांडे को दो संदिग्ध व्यक्ति मिले जो दो बैग ले जा रहे थे। उनके पास उसलापुर से भोपाल तक के सामान्य टिकट थे। वे सामान्य टिकट को स्लीपर टिकट में बदलने का अनुरोध कर रहे थे। इसके बाद वो सामान्य कोच की तरफ जाने लगे। उनके बैग को देख टीटीई ने संदेह जताते हुए रुकने कहा, जिस पर दोनो युवक बैग छोड़कर वहां से भाग गए। बैग को पार्सल ऑफिस लाकर आरपीएफ की उपस्थिति में जांच की गई। उनमें 18.7 किलो गांजा पाया गया।

# मानसून सक्रिय, बारिश का यलो अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सामान्य से 5 .3 डिग्री गिरा तापमान 24 घंटे के भीतर 19 मिमी बारिश दर्ज

जिले सहित पूरे प्रदेश में रविवार से मानसून प्रभावशील हो गया है। मौसम विभाग ने अलग दो दिनों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है।

इस बीच रविवार को अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.3 डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री रिकार्ड हुआ। पिछले 24 घंटे के भीतर बिलासपुर जिले में 19 मिमी मध्यम बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो एक द्रोणिका राजस्थान से दक्षिण छत्तीसगढ़ में सक्रिय है। एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तरित है। प्रदेश में 24 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ ही गरज-चमक के साथ अंधड़ और वज्रपात होने की भी संभावना है। इसके साथ ही प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की भी संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

## बिलासपुर के कमल सोनी बने अध्यक्ष, एकता पेनल की एकतरफा जीत

# सराफा व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण देंगेः कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा है कि वे पूरे राज्य में सराफा बाजार में भयमुक्त वातावरण देंगे। उन्होंने कहा कि सराफा व्यापारियों के हित में पूरी गंभीरता से काम किया जाएगा।

रविवार को रायपुर में हुए चुनाव में विजय हासिल करने के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री सोनी ने कहा कि रायपुर में सराफा भवन बनाना उनकी प्राथमिकता में है। इसके अलावा पूरे छत्तीसगढ़ में एक ही डायरेक्टरी बनाई जाएगी, जिसमें सभी सदस्यों की फोटो एवं आईडी होगी। इसका फायदा पूरे संगठन को मिलेगा। हर सदस्य की जानकारी एक क्लिक में मिल सकेगी। श्री सोनी ने कहा कि सराफा व्यापारियों के हित में वे भयमुक्त वातावरण प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वह केवल रायपुर बिलासपुर नहीं राज्य के कोने-कोने में व्यवसाय कर रहे सराफा व्यापारियों के मान सम्मान और सुरक्षा का ख्याल रखेंगे। उनके हित में कार्य करना ही मेरे चुनाव लड़ने का उद्देश्य था।



रविवार की रात किया गया कार्यालय का उद्घाटन।

### बैलेट से चुनाव में पहली बार बिलासपुर का अध्यक्ष

ज्ञात हो कि सराफा संगठन के चुनाव को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। अंततः रविवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें एकता पेनल के पदाधिकारी की एकतरफा जीत हुई है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार बिलासपुर को पूरे प्रदेश का नेतृत्व मिला है। इसे लेकर पूरे सराफा बाजार में खुशी का माहौल है।

### रायपुर में कार्यालय का किया उद्घाटन

अपने संकल्प पत्र में लिए गए संकल्प के अनुरूप आज चुनाव के तत्काल बाद श्री सोनी ने गिरधर भवन सदर बाजार में रात 9:30 बजे कार्यालय का शुभारंभ किया । इस अवसर पर योगेश अग्रवाल, सुनील जैन, राजेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तुलसी साहित्य अकादमी ने किया रश्मि की पुस्तक अंतर्मन का विमोचन




**बिलासपुर।** तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ की प्रांतीय इकाई के वार्षिकोत्सव में रश्मि रामेश्वर गुप्ता की पांचवी पुस्तक अंतर्मन (यादों की लड़ियाँ) का विमोचन डा. विनय कुमार पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ मोहन तिवारी, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेयी, डॉ श्रीधर गौरहा, विनय पांडे, राष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक तिवारी व तुलसी साहित्य अकादमी के प्रांतीय अध्यक्ष डा. राघवेंद्र दुबे विशेष अतिथि थे। संस्कार भवन बिलासपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में अपनी बातें रखते हुए श्रीमती रश्मि गुप्ता ने कहा कि यादें ही तो हैं जो जीवन में रसों का संचार करती हैं। अंतर्मन में न जाने कितने भावों से भरी यादें बाहर आने को व्याकुल रहती हैं। अपने अंतर्मन में चल रही उथलपुथल को यादों की लड़ियों के रूप पिरोने का नाम है मेरी पुस्तक अंतर्मन।

### कबीर प्रकटोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**बिलासपुर।** मानिकपुरी समाज ने सद्गुरु कबीर प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान धनी धर्मदास सेवा समिति जरहाभाठा बिलासपुर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों कबीर पंथी समाज के लोग शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने झंडा दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। सिख समुदाय दयालबंद द्वारा विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। यह जानकारी पुष्पेंद्र दास महंत ने दी।



### वनवासी विकास समिति आज मनाएगी रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

**बिलासपुर।** वनवासी विकास समिति बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं बिलासपुर महिला समिति द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस सोमवार 24 जून को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थल वनमाला भवन ग्रंथालय में सोमवार को सायं 6 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### रमन विवि से सुमेला चटर्जी को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** सीएमडी कॉलेज प्रबंध विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमेला चटर्जी को पीएडी की उपाधि प्रदान की गई है। सुमेला चटर्जी ने डॉ सीवी रमन विश्वद्यालय कोटा से यह उपाधि प्राप्त की है,इनका विषय इम्पेक्ट ऑफ वर्क लाइफ बैलेंस ऑन जॉब परफार्मेंस ऑफ फीमेल फैकल्टीज ऑफ हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन इन बिलासपुर डिस्ट्रिक्ट ऑफ छत्तीसगढ़ स्टडी था। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ अर्चना अग्रवाल के निर्देशन में पूर्ण किया।




### समिति ने कहा तत्काल डीवीओआर लगाए सरकार




**बिलासपुर।** हवाई सेवा संघर्ष समिति का महाधरना अभियान रविवार को जारी रहा, जहां समितियों ने राज्य सरकार और एएआई द्वारा बिलासा एयरपोर्ट में डीवीओआर नेविगेशन मशीनें नहीं लगाने पर आड़े हाथों लेते हुए निंदा की। समिति के सदस्यों का कहना है कि बिना डीवीओआर मशीन के बिलासा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं मिल सकती है। हाईकोर्ट ने भी इस बारे में निर्देश दे दिया है जिसके बाद भी राज्य सरकार और एएआई द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिससे बिलासा एयरपोर्ट में पिछले 10 माह से नाइट लैंडिंग शुरू नहीं हो सका है। सदस्यों ने तत्काल डीवीओआर नेविगेशन मशीन लगाने की मांग राज्य सरकार से की है।

### डी.पी. स्कूल में मनाया गया योग दिवस, शिक्षकों ने जाना महत्व



**बिलासपुर।** प्रो. रामनारायण शुक्ल द्वारा स्थापित डीपी शुक्ल उमावि भकुर्रा नवापारा में योग दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम व ध्यान कराया गया। ध्यान के माध्यम से मन को एकाग्र करने बताया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामजी राजपूत ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ, निरोग और बलवान बनता है। योग सकारात्मक उर्जा प्रदान करता है।

---

चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया लीगल एड डिफेंस कौंसिलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना कौंसिलों की जिम्मेदारीः जस्टिस सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य न्यायिक एकेडमी के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के 23 जिलों में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिलों के लिए तीन दिवसीय एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन राज्य न्यायिक एकेडमी में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के मुख्य संरक्षक व मुख्य अतिथि रमेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के माध्यम से अभिरक्षाधीन बंदियों एवं जरूरतमंदों को उच्च गुणवत्तायुक्त निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना सभी कौंसिलों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उनका वे प्रभावी रूप से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जो नए कानून लागू होने हैं, उनका कौंसिलगण सूक्ष्मता से अध्ययन करें, ताकि विचाराधीन बंदियों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की ओर से उचित प्रतिरक्षा मिल सके।




तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व अन्य।

#### कौंसिलगण अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें : भादुड़ी

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कौंसिलों से कहा कि नालसा एवं सालसा का मुख्य उद्देश्य निर्दोष एवं जरूरतमंदों को सुरक्षा देना है, जिसके लिए डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त कौंसिलगण अपने कार्य को नियोजन न मानकर सेवा कार्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

#### बेहतर न्याय व्यवस्था को लागू करना ही उद्देश्य

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य न्यायिक एकडेमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने कहा कि 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का मुख्य उद्देश्य बेहतर न्याय व्यवस्था तथा सामाजिक समानता लाना है। लोगों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय प्रदान करना है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार राज्य में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिलों का तीन दिवसीय एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 23 से 25 जून तक राज्य न्यायिक एकेडमी में किया जा रहा है। शुभारम्भ के अवसर पर छग उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, छग राज्य न्यायिक एकेडमी के डायरेक्टर सिराजुद्दीन कुरैशी एवं न्यायिक अधिकारीगण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव उप सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

## दुर्घटना रहित व संरक्षित रेल परिचालन पहली प्राथमिकता



**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में सजगता के साथ संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में 22 जून को ब्रजराजनगर स्टेशन में वरि.मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन, डीएमओ डॉ आर. शंकर, एआरएम आदित्य पारीक, एडीएमई प्रदीप गिरी एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक, ट्रेन मैनेजर, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, यातायात सहायक, गेटमैन, सहित सभी विभागों के लगभग 160 से अधिक रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में दुर्घनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की गई। सिग्नल एवं पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ओएचई ब्लाक के दौरान सावधानियां, रेल फ्रेक्चर तथा वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, लोडिंग अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद करना बताया गया। संगोष्ठी में वरि.मंडल संरक्षा अधिकारी ने कहा दुर्घटना रहित व संरक्षित रेल परिचालन हमारी पहली प्राथमिकता है। यह तभी संभव है जब हम संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करें।

---

# वन विभाग ने 200 हेक्टेयर जमीन में की पौधारोपण की तैयारी, प्लांटेशन अगले माह

**बिलासपुर।** बारिश आते ही वन विभाग पौधरोपण में जुट गया है, वन विभाग द्वारा इस साल 200 हेक्टेयर जमीन में 80 हजार पौधे लगाने की योजना पर काम कर रहा है। यह पौधे नीम, पीपल जैसे बढ़े वृक्ष से लेकर फलदार पौधे भी होंगे। विभाग ने इसके लिए जमीन का चयन किया है और कुछ जमीनों के लिए राजस्व और प्रशासन से मांग भी की है। जुलाई के पहले हफ्ते से पौधे लगाने का काम शुरू किया जाएगा।



वन विभाग हर साल पौधारोपण कर जिले को हरभरा करने की कवायद करता है, इसमें कई बार सामाजिक संस्थाएं भी साथ होती है। विभाग की योजना के अनुसार इस वर्ष 200 हेक्टयर वन भूमि में प्लांटेशन करने की तैयारी है। यह पौधारोपण कैंपा मद के जरिए किया जाएगा, जिसमें 80 हजार पौधे लगाएं जाएंगे। जानकारी के अनुसार हर साल इस तरह के पौधरोपण किए जाते हैं, लेकिन महज 25 फीसदी पौधे ही 5 साल की अवस्था पार कर पाते हैं, जिसके चलते वन विभाग की कवायदतों का सही परिणाम नहीं मिल पा रहा है। वहीं विभाग के पास जमीन की कमी भी है, ऐसे में नगर निगम और राजस्व विभाग के साथ ही अन्य विभागों से भी चर्चा कर प्लांटेंशन कराने का प्रस्ताव दे रहा है।

#### पौधा तुंहर द्वार योजना बंद

पिछले 4 सालों से चल रही पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत इस बार बजट तक नहीं आया है, इस योजना के तहत लोगों को एक पौधा उपहार के तौर पर दिया जाता है, जिससे लेने के लिए कई लोग और संस्थान सामने आते हैं और पौधरोपण सफल होता है, लेकिन इस बार इस योजना में एक भी पौधे तैयार नहीं हो सके हैं, जिससे इस योजना को बंद कर दिया गया है।

#### 22 किमी रेंज प्लांटेशन का भेजा प्रस्ताव

अधिकारियों के अनुसार जिला पंचायत विभाग को जमीन मुहय्या कराने को लेकर वन विभाग ने प्रस्ताव भेजा है। बेलतरा क्षेत्र में 22 किमी रेंज में प्लांटेंशन करने पर विचार किया गया है। प्रस्ताव पास होकर जमीन मिलने पर वन विभाग 22 किमी रेंज में पौध रोपण कर सकता है। जिससे इस क्षेत्र में वन धनत्व को बढ़ाया जा सकेगा।

#### की जा रही है तैयारी

पौधरोपण की तैयारी की जा रही है, कुछ जगहों पर गड्ढे हो चुके हैं और मिट्टी की गुणवत्ता के हिसाब से प्लांटेशन किया जाएगा। जुलाई माह से कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

**-अभिनव कुमार,**
एसडीओ, वन विभाग

---

# जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना दुर्लभः पं. मिश्रा

**बिलासपुर।** शहर के कपिल नगर में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित मुकेश मिश्रा ने व्यास पीठ से भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। संगीतमय कथा में श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु झूम उठे। कपिल नगर निवासी चित्रलेखा तिवारी द्वारा अपने दिवंगत पति स्व. अशोक तिवारी (ग्राम खरौद) की स्मृति में संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

- कपिल नगर में तिवारी परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

आयोजन के चौथे दिन, रविवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। व्यास पीठ से पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भक्तों के उद्धार और पृथ्वी को आसुरी शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा व्यास ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए।




#### आज बाल लीला और महारास का प्रसंग

कथा के चौथे दिन पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल भी कथा श्रवण के लिए पहुंचे। इस दौरान मुख्य यजमान अनमोल - प्रतीक्षा तिवारी के साथ श्रद्धालु उपस्थित रहे। सोमवार को कथा सप्ताह के पांचवे दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला, माखन लीला, गौचरण लीला, गोवर्धन पूजा, महारास आदि की कथा व्यास पीठ से सुनाई जाएगी।

---

# भुलाया नहीं जा सकता डॉ. श्यामा प्रसाद का योगदान, अखंड भारत था उनका सपना

**बिलासपुर।** भाजपा जिला बिलासपुर के मंडल एवं बूथ स्तर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा एवं छायाचित्र पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की।

जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पुराना बस स्टैण्ड में स्थापित डॉ.मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

इस मौके विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद विचारक थे। अखंण्ड भारत के रूप में पुनः भारत को देखना चाहते थे। 6 जुलाई 1901 को उनका जन्म कोलकाता में हुआ। वे 1929 में कोलकाता विश्वविद्यालय क्षेत्र से बंगाल विधानसभा के लिए चुने गए। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देश के लिए दिए योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। विधायक सुशांत शुक्ला ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सारा जीवन देश के लिए समर्पित था। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने भी संबोधित किया।



इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर राय, निखिल केशरवानी, जयश्री चौकसे, जुगल अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, संदीप दास, अरविंद बोलर, निम्मा जीवनानी, विनोद सोनी, दुर्गा सोनी, मनीष अग्रवाल, प्रवीर सेन, प्रकाश यादव, जगदीश पाण्डेय, स्नेहलता शर्मा, संध्या चौधरी आदि मौजूद थे।

---

# राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान स्पर्धा का प्रथम पुरस्कार कबीरधाम व द्वितीय बालोद ने जीता

**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति द्वारा 23 जून रोटरी क्लब में राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बीएस निषाद थे।

- बिलासा सेवा समिति ने विजेताओं को राशि देकर किया सम्मानित

बिलासा सेवा समिति द्वारा 17 जून को राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 1 से 30 तक के स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। परीक्षा केंद्र बिलासपुर कोरबा व राजनांदगांव जिला को बनाया गया था। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बी. एस. निषाद ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। प्रथम पुरस्कार 51 हजार का चेक मुरारी कुमार जिला कबीरधाम को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 21 हजार का चेक केदार नाथ जिला बालोद को दिया गया। तृतीय पुरस्कार 11 हजार का चेक राहुल कुमार जिला गौरेला पेंड्रा को दिया गया। सांत्वना पुरस्कार चौथे से दसवें स्थान प्राप्त विजेता को 1000-1000 व ग्यारहवें से तीसवें स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 500-500 प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिलासा सेवा समिति के नया अध्यक्ष को पदभार दिया गया। दीप कैवर्त का अध्यक्ष पद 23 जून को 3 वर्ष होने पर कार्यमुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के लिए गजेन्द्र निषाद को पदभार दिया गया।





---

# सिकल का जड़ से इलाज केवल बोन मेरो ट्रांसप्लान्टेशन से सम्भव : डा. सिहारे

**बिलासपुर।** डा. प्रदीप सिहारे सिकल के मरीजों को राहत दिलाने के लिए ड्यूक यूनिवर्सिटी हास्पिटल में सिकल समाधान का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने बताया कि वे पिछले 30 साल से सिकल की बीमारी का इलाज कर रहे हैं।

काम्प्रीहेन्सिव केयर व हाइडॉक्सी यूरिया से इलाज करने व आर्थिक सहायता से प्रायः सभी मरीज अच्छी जिंदगी जी रहे हैं, परन्तु सिकल के हर मरीज एक दूसरे से भिन्न रहते हैं। कुछ मरीज जो लेट आते हैं उन्हें उतना फायदा नहीं होता है। कुछ मरीज को हाइड्राक्सी यूरिया से भी ज्यादा फायदा नहीं होता है। डा. सिहारे ने बताया कि उन्होंने ड्यूक यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल की सिकल की डायरेक्टर डा. मेरीलिन टेलन से सम्पर्क कर कहा कि वे सिकल के बारे में एडवान्स ट्रेनिंग लेना चाहते हैं। डा. सिहारे का बायोडेटा व क्वालिटी ऑफ वर्क, मरीजों की संख्या देखकर उन्होंने इन्वीटेशन लेटर भेज कर एक महीने की ट्रेनिंग के लिए ड्यूक यूनिवर्सिटी हास्पिटल के चिल्ड्रन च एडल्ट काम्प्रीहेन्सिव सिकल सेन्टर, दरहम, नार्थ केरोलिना अमेरिका में आमन्त्रित किया। डा. मेरीलिन टेलन विश्व की सिकल की मशहूर वैज्ञानिक हैं।



डा. सिहारे व डा. मेरीलिन टेलन ।

#### सिकल सेल के मरीजों का बेहतर इलाज

डा. सिहारे ने बताया कि गौर बोस मेमोरियल सिकल सेल केयर सेंटर में हम सिकल के क़रीब हज़ार मरीजों का इलाज कर उन्हें बेहतर जिंदगी जीने में सहायता कर रहे हैं। हमारे इस प्रयास से सिकल के मरीज़ों रोज रोज़ की परेशानियों, सिकल क्राइसिस, दर्द व खून की कमी से छुटकारा मिलता है। वे पावर्टी ट्रैप से बाहर निकल कर अपने दूसरे स्वस्थ्य बच्चों व परिवार पर ध्यान दे रहे हैं। सिकल का जड़ से इलाज केवल बोन मेरो ट्रांसप्लानटेशन से सम्भव है। ब्लड कैंसर, थैलेसीमिया के मरिजों का तो एकमात्र इलाज बोनेमेरो ट्रांसप्लानटेशन ही है परंतु सिकल के मरीज़ उतने सीरियस नहीं होते हैं। बोन मेरो ट्रांसप्लानटेशन के लिए टिश्यु मेच डोनर चाहिए। हमारे देश में भी जीन थेरेपी की रिसर्च चालू है और फेज वन ट्रायल लेने वाले हैं।

---

# कर्मचारी संघ मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव के नाम सौंपेगा ध्यानाकर्षण ज्ञापन

**बिलासपुर।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ प्रदेश के कर्मचारियों की समस्यों के निराकरण के लिए प्रदेश के तहसील व जिलों में 10 जुलाई को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यह निर्णय 22 जून को रायपुर में आयोजित जिला एवं संभागीय तथा प्रांतीय पदाधिकारियों की हुई बैठक में लिया गया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा ने बताया कि केंद्र के कर्मचारियों को वर्तमान में 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जबकि राज्य के कर्मचारियों को 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत की वृद्धि करने, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश की तरह यहां भी ग्रेड ए के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नकदीकरण दिया जाना चाहिए।



श्री चंद्रा ने कहा कि सभी संवर्गों के कर्मचारियों का लंबित पदोन्नति प्रक्रिया के लिए निर्देश दिया जाए। सभी अधिकारी कर्मचारी को सेवा काल में 4 स्तरीय वेतनमान आदेश जारी हो। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश वाडेर, महामंत्री उमेश मुदलियार, आलोक जाधव, संजय शर्मा, जिलाध्यक्ष रायपुर रामचंद टांडी, विश्वनाथ ध्रुव, सीएल दुबे, पितांबर पटेल, हिमांचल साहू, आनंद भारती आदि मौजूद थे।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 24 जून 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# बाल मनोविज्ञान, हिंदी व अंग्रेजी के प्रश्न रहे आसान, गणित ने किया परेशान



### आसान नहीं प्रक्रिया

सेवानिवृत प्राचार्य डॉ श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही होनी है, इसकी परीक्षा से लेकर भर्ती तक की प्रक्रिया अब पहले की तरह आसान नहीं है। सीजी टीईटी के बाद शिक्षक भर्ती की परीक्षा भी पहले से अब में बदलाव आए हैं।

### 17 हजार 960 परीक्षार्थी अनुपस्थित

व्यापमं द्वारा आयोजित टीईटी की पहली पाली में 19 हजार 628 में से 12 हजार 482 उपस्थित व 7 हजार 146 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पीपीटी में 2 हजार 957 में से 753 उपस्थित व 2 हजार 204 अनुपस्थित रहे। टीईटी की दूसरी पाली में 32 हजार 815 में से 22 हजार उपस्थित व 10 हजार 815 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार टीईटी की परीक्षा में 17 हजार 960 परीक्षार्थी ने परीक्षा देने ही नही पहुंचे।

## व्यापमं ने आयोजित की दो पालियों में सीटी टीईटी व एक पाली में पीपीटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में सीजी टीईटी व एक पाली में पीपीटी का आयोजन किया। सीजी टीईटी में गणित के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को परेशान किया, परन्तु बाल मनोविज्ञान,हिंदी व अंग्रेजी के प्रश्न आसान होने से परीक्षार्थी खुश हुए। पीपीटी के प्रश्नपत्र थोड़ा कठिन होने से छात्र नाखुश नजर आए। इसी तरह मिडिल कक्षा के पेपर में समय की कमी परीक्षार्थियों को महसूस हुई, इसमें गणित के प्रश्नों व मिलान करने वाले प्रश्नों में अधिक समय निकल गया,जिस वजह से अन्य प्रश्नों को हल करने कम समय मिल पाया। प्रातः 9 से दोपहर 12.15 बजे तक पीपीटी एवं प्रातः 9.30 से दोपहर 12.15 बजे तक टीईटी कक्षा 1 से 5 अध्यापन करने वालों के लिए आयोजित हुई। दूसरी पाली दोपहर 2 से 4.45 बजे तक टीईटी की परीक्षा को कक्षा 6 से 8 तक अध्ययन करने वालों के लिये आयोजित किया गया। जिसमें बिलासपुर जिले में प्रथम पाली में 45 केंद्रों में टीईटी प्राईमरी व 10 केंद्रों में पीपीटी की परीक्षा हुई। दूसरे पाली में टीईटी की परीक्षा 97 केंद्रों में ली गई।

### 15 से 20 हजार शिक्षकों की निकलेगी भर्ती

छत्तीसगढ़ में 15 से 20 हजार पदों पर शिक्षकों की भर्तियां होनी हैं, सीजी टीईटी में पास हो जाने से अभ्यर्थी शिक्षक परीक्षा दिलवाने के पात्र हो जाएंगे। बहुत समय से इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया नहीं हुई है। इस बार शिक्षकों के सभी वर्गों में भर्ती प्रक्रिया होगी।

धर्म क्षेत्र

## जगन्नाथ पूजा : महाप्रभु को दिया जा रहा काढ़ा



6 जुलाई को नवयौवन रूप में भक्तों को देंगे दर्शन

**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र स्थित श्री श्री जगन्नाथ मंदिर में जेष्ठ पूर्णिमा को 108 कलश जल से स्नान कराने के बाद भगवान बीमार हो गए हैं। इससे मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। पुजारी गोविंद चंद्र पाणी द्वारा महाप्रभु को काली मिर्च, सोंठ, अदरक का काढ़ा बना कर पिलाया जा रहा है। श्री जगन्नाथ पूजा सेवा समिति के सचिव डी. नायक ने बताया कि महाप्रभु का 5 जुलाई तक इलाज चलेगा। छह जुलाई को मंदिर का पट खुलेगा एवं भगवान जगन्नाथ नवयौवन रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। इस दिन को नेत्रोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 7 जुलाई को भगवान मंदिर से निकलेंगे और अपने भक्तों को दर्शन देंगे।

आयोजन

## रोटरी बिलासपुर क्वींस ने किया प्रोजेक्ट 'उत्थान' का लोकार्पण




**बिलासपुर।** रोटरी द्वारा बिलासपुर क्वींस प्रोजेक्ट उत्थान का लोकार्पण रविवार को किया गया, जिसमे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मंजीत सिंह अरोड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीशक उमेश कश्यप मुख्य अतिथि व संजय दुबे व सतीश शाह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मंजीत ने रोटरी के तथ्यों पर रोशनी डालते हुए कहा की रोटरी सदैव समाज कल्याण के लिए आगे रहता है। उमेश कश्यप ने कहा कि किस तरह रोटरी बिलासपुर क्वींस हमेशा महिलाओं के हित में काम करती है, इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 5 जरूरतमंद महिलाओ को फूड कार्ट दिया गया, जिससे वे खुद कमाकर अपना जीवन सुखमय बना पाएंगी। अध्यक्ष आंचल अगिचा ने बताया की यह प्रोजेक्ट महिला सशक्तिकरण के लिए किया गया है, जिसमें महिलाएं आगे आकर स्वावलंबी बनने का मौका मिले। प्रोजेक्ट चेयर पर्सन शिल्पी चौधरी ने कहा कि अब महिलाएं सिर्फ़ रसोई तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि वे अब फुटकार्ट में अपनी कुकिंग कला से व्यवसाय शुरू कर अपने बच्चों एवं परिवार का भरण पोषण स्वयं कर सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन वन्दना सिंह ने किया, कार्यक्रम में रोटेरियन चंचल सलूजा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में भावना चोपड़ा, रिंकी उपवेजा, रिंकी गाँधी, आंचल अगिचा का विशेष योगदान रहा और अल्का अग्रवाल, स्वाति श्रीवास्तव, रश्मि जैन, मनीषा जायसवाल, भारती सालुंके, सपना गुरवानी आदि उपस्थित रहीं।

# आषाढ़ के पहले दिन पर्यावरण प्रेमियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार को आषाढ़ मास का पहला दिन रहा। ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए इस दिन पर्यावरण प्रेमियों ने सामूहिक रूप से पौधे लगा कर अच्छी बारिश होने की कामना की। किसान परिवारों ने आद्रा नक्षत्र के स्वागत में पकवान बनाए। कई लोगों ने अपने घर में पौधे लगाए।

प्री-मानसून की बारिश के बाद अब आषाढ़ मास की बारिश भी शुरू हो गई है। इससे लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली है। वहीं किसान पूजा कर अच्छी बारिश होने की कामना की। पर्यावरण प्रेमी पौधे लगाकर आगे भी पौधरोपण करने का संकल्प लिया। बारिश की बूंदें मन के उत्साह को बढ़ा देती है। विगत 9-10 वर्षो से अनवरत जारी वृक्षारोपण का कार्य आषाढ़ मास के प्रथम रविवार को दैवी सम्पद मंडल युवा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस वर्ष के प्रथम वृक्षारोपण में छत्तीसगढ़ राज्य चुनाव अधिकारी अजय सिंह ने सपरिवार पहुंच कर सभी का उत्साह वर्धन किया और विगत वर्षो में लगाए गए पौधों के पेड़ बन जाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

### पौधरोपण उत्सव शुरू

हरिहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र में रविवार को आषाढ़ मास के प्रथम दिवस पर इस वर्ष का पौधारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। इसमें राजीव अग्रवाल महामंत्री विश्व हिंदू परिषद सपरिवार पहुंचकर पौधारोपण किए। क्रेजी फ्रेंड्स ग्रुप के श्रीकांत सोनी युवा टीम के साथ पौध सेवा संकल्प के साथ रोपण किया। साथ ही प्रवीण शर्मा कोनी जोन कमिश्नर नगर निगम भी उपस्थित थे। दीवान दंपत्ति ने अपने पुत्र एवं अपने वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण कर गोद लेने का संकल्प लिया। संयोजक भुवन वर्मा ने अंचल के पर्यावरण प्रेमियों, इष्ट मित्रों को प्रति रविवार प्रातः 7 से 9 बजे तक हरिहर ऑक्सीजोन परिवार सहित पहुंचकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का अनुरोध किया। इस मौके पर संजय वर्मा, डॉ शंकर यादव, किशोर दुबे, नीलेश मसीह, तारा साहू, शिव सारथी, गणेश सोनवानी, मोना गणेश बोरके, मोहित श्रीवास, रुपेश मिश्रा, ममता गुप्ता, रेखा मदन मोहन गुल्ला, किरण साहू, प्रमोद साहू, डीएस पोर्ते, एसपी रजक, श्रीराम यादव एवं भारत विकास परिषद वीरांगना इकाई की सदस्य उपस्थित थीं।

### ग्लोबल वार्मिंग के कहर से बचने लोग ले रहे सबक



### पैदल मार्च पौधा वितरण 30 को

हमर बिलासपुर हरिहर परिवार का आपके द्वार आओ पेड़ लगाएं हम सेवा जतन संकल्प के संग के तहत रविवार 30 जून को सायं 4 बजे पैदल मार्च पौधा वितरण किया जाएगा। नेहरू चौक से मुख्य डाकघर प्रताप चौक होते हुए रिव्हर व्यू में जन जागरूकता आमसभा होगी। ज्ञात हो कि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए अंचल के सभी वरिष्ठ चिकित्सक, सामाजिक संगठन, संजीवनी हास्पिटल, हास्य महासंघ, वन विभाग, अटल विश्वविद्यालय, डॉ सीव्ही रामन विश्वविद्यालय, आशीर्वाद हॉस्पिटल घर-घर तक पौधा वितरण कार्य में सहयोग कर रहे हैं। आयोजक आईएमए के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी शिव सारथी हैं।



### रोपे गए 135 पौधे

शासकीय हाईस्कूल सेंदरी प्रांगण में आयोजित पौधारोपण में नीम, पीपल, अमरूद, करंज, शहतूत, आंवला, सीताफल सहित विविध प्रजातियों के 135 पौधे रोपित किए गए और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अजय सिंह, डॉ आभा सिंह, पायल केडिया, क्रांति द्विवेदी, सरिता अग्रवाल, झील जायसवाल, अक्षय अलकरी, हर्ष द्विवेदी, हरजीत सलूजा, राजेश जिल्लारे, भुवन संतोषी वर्मा, राजीव कुमार, प्रतीक केडिया, वसंत जायसवाल, बबलू बूंदेला, राजेंद्र बारीक, बाबा पांडेय आदि उपस्थित थे। अंत में दैवी सम्पद मंडल युवा सेवा समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।




# फेसलेस कर निर्धारण में आने वाली समस्याओं पर हुई चर्चा

आईसीएआई की शाखा द्वारा दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हुआ। संगोष्ठी के दूसरे दिन नागपुर से आये सीए राम हेड़ा ने आयकर के फेसलेस कर निर्धारण में आने वाली समस्याओं, फेसलेस सिस्टम में संबंधित पत्रों का प्रस्तुतीकरण किस प्रकार किया जाए व कर निर्धारण पश्चात अपील प्रक्रिया, अपील की समय सीमा, अपील अधिकारी आदि के बारे में विस्तार से बताया।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई

**बिलासपुर।** आयोजन के दूसरे दिन के आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष मनोज फड़नीस ने अंकेक्षण प्रक्रिया की रिपोर्टिंग व प्रपत्रीकरण संग्रहण को बताया,साथ ही दिल्ली से आये कार्तिक जिंदल व कोलकाता से आये अरिहंत मारोटी ने एकाउंटिंग स्टैण्डर्ड व एकाउंटिंग व करारोपण में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका को विस्तार से बताया। वरिष्ठ प्रोफेशनल ने प्रोफेशनल विकास के लिए इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया व कहा कि समय समय पर ऐसे आयोजन आवश्यक हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बिलासपुर शाखा की मैनेजिंग कमेटी व सदस्य का सहयोग रहा।

### प्रश्नोत्तर का भी किया गया आयोजन

आयोजन के हर सत्र के बाद उपस्थित सभी सदस्यों के लिए तकनीकी रचनात्मक प्रश्नोत्तर का आयोजन था,जिसमें प्रत्येक सत्र में प्रथम व द्वितीय विजेता के लिए सोने व चाँदी का सिक्का उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता से उपस्थित सदस्यों में उत्साह देखा गया । इस आयोजन में बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, चाँपा , अम्बिकापुर, रायपुर एवं पूरे छत्तीसगढ़ से सदस्य उपस्थित हुए।

कार्यशाला

## कृषि वैज्ञानिकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला



**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र सरकंडा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में कृषि वैज्ञानिकों का तीन दिवसीय सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्देशक आईसीए आर डॉ एसआर के सिंह जबलपुर, डॉ अजय कुमार वर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉक्टर एन के चौरे, डॉ एमएल शर्मा, डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉक्टर एम ए खान, प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ शिल्पा कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अमित शुक्ला, डॉ हेम क्रांति बंजारे, डॉ एकता ताम्रकार, जयंत साहू, पंकज डॉक्टर निवेदिता पाठक, डॉक्टर स्वाति शर्मा, सुशीला पोद्दार, डॉक्टर चंचल पटेल कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर एवं कृषि महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स न्यूज

रोमांचक ड्रा मैच से हुआ निर्णय

# बेसबॉल प्रतियोगिता में बिलासपुर ब्रेवर्स क्वार्टर फाइनल में हारी

मेजर लीग बेसबॉल एमएलबी कप बेसबॉल प्रतियोगिता बेंगलुरु में आयोजित की जा रही है। इसमें पूरे देश की 16 टीमें भाग ले रही हैं और इन 16 टीमों को 4 ग्रुप मे बांटा गया है, जिसमें ग्रुप 2 में बिलासपुर बेसबॉल ब्रेवर्स, बैंगलोर कार्डिनल्स, पुणे एस्ट्रोस, दिल्ली डोजर्स टीम है। इन सभी टीमों ने रीजनल राउंड में क्वालिफाई कर फाइनल राउंड फाइनल चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर बेसबॉल ब्रेवर्स का मुकाबला एक दूसरे से होगा और रैंकिंग के आधार पर ये टीमें अगले राउंड मे पहुंचेंगी। बिलासपुर ब्रेवर्स का पहला मैच पुणे एस्ट्रोस के साथ खेला गया, जिसमें बिलासपुर ब्रेवर्स ने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैच में हार का सामना करना पड़ा। मैच का स्कोर 7 - 22 रहा। दूसरा मैच दिल्ली डोजर्स के साथ खेला गया, इसमें बिलासपुर ब्रेवर्स ने शुरुवात से ही बढ़त बनाए रखी, जिसके चलते मैच को 18 - 7 से जीता। तीसरा मैच बेंगलुरु कार्डिनल्स के साथ हुआ, उसमें भी बिलासपुर ब्रेवर्स ने मैच को पहली इनिंग से ही अपने पाले मे रखा, आखिरी इनिंग मे बिलासपुर ब्रेवर्स ने मैच को 18 - 4 के लम्बे डिफरेन्स से जीत हासिल की। बिलासपुर ब्रेवर्स ने अगले राउंड 2 में अपनी जगह 5 नम्बर में बनाई, राउंड 2 में प्री क्वार्टर फाइनल मैच तिरिच्ची एंजेल के साथ हुआ जिसमें बिलासपुर ब्रेवर्स के सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर मैच की चौथी इनिंग के बॉटम में 22 - 2 के बड़े स्कोर के साथ जीता। इससे टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।



ड्रॉ मैच में हारी टीम

क्वार्टर फाइनल मैच इंदापुर फिलिप्स के साथ खेला गया। इसमें इंदापुर ने बिलासपुर ब्रेवर्स को कड़ी टक्कर दी। दोनो ही टीमों ने पहले 6 इनिंग तक 9 - 9 रन सेमैच को ड्रॉ खेला, इस वजह से मैच मे इनिंग बढ़ानी पड़ी और 7 इनिंग मे फिर दोनों टीमें इंदापुर फिलिप्स और बिलासपुर ब्रेवर्स ने 10 - 10 का स्कोर कर फिर से मैच को बराबर रखा, जिससे और एक इनिंग बड़ाई गई, लेकिन आखिरी इनिंग मे इंदापुर फिलिप्स 1 रन बनाने मे कामयाब हुई और बिलासपुर ब्रेवर्स रन नही बना पाई, जिसकी वजह से मैच मे बिलासपुर ब्रेवर्स को 10 - 11 से हार का सामना करना पड़ा।

### मैच में जीत हार होती है

मिताली घोष ने बताया की छोटे बच्चों का मैदान मे इतनी देर खेलना जीत के बराबर है, मैच मे हार - जीत लगी रहती है। ब्रेवर्स की टीम में आदित्य, अभीतेज, संदीप, सोनाली, आलोक, सत्य प्रकाश, सुयश, शान, परीधी, मुक्तेश सहित खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। सभी मैचों टीम के कोच अख्तर खान व सहायक कोच लखन लाल देवांगन थे ।

23 JUNE -BSP- pg- 4_Layout 1 6/24/2024 12:54 AM Page 1





# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

## लाइफ Style



# पायल

## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

## हॉलीवुड मसाला



# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...

**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्ढा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. ।यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

### लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।


### सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

### बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'।

बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।

## इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। इनमें ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। इसी तरह अर्जुन रामपाल 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से साथ रह रहे हैं । इसी तरह सैफ अली खान, अरबाज खान, पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर ने दूसरी शादी की और खुश हैं।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/ /अति.तह./वा./2024
बिलासपुर, दिनांक 10.06.2024

ग्राम खैरा (ल.) के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खैरा (ल.) प.ह.नं. 28 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 210/2 रकबा 0.138 हे. एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री भगवती बाई साहू आ. स्व. सीताराम साहू निवासी खैरा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 24.06.2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 10.06.2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 20240625050003अ-2 / 2023-24,
ग्राम लच्छनपुर, प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. कृति टंडन पति लक्ष्मीकांत टंडन निवासी लच्छनपुर तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम लच्छनपुर प.ह.न. 18 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 214/34 रकबा 0.0120 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/07/2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 20240625050003अ-2 / 2023-24,
ग्राम मोहभट्ठा, प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. कमलेश बाई पति चिंतामणी निवासी करही तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 1661/3 रकबा 0. 0570 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/07/2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 20240625050003अ-2 / 2023-24,
ग्राम पथरिया, प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. राधेश्याम श्रीवास पिता लालजी निवासी पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम पथरिया प.ह.न. 18 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 694/4, 746/1 रकबा 0.012, 0.010 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/07/2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. 20240625050003अ-2 / 2023-24,
ग्राम किरना, प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. बी. पंकज मुदलियार आ. स्व. बी.के. एस. मुदलियर निवासी प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम किरना प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 635/1 रकबा 0.2470 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/07/2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### केशरवानी कॉलेज में मना योग दिवस



**करगी रोड कोटा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में खेल विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योग अभ्यास किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. एके पाण्डेय के निर्देशानुसार मुख्य योग प्रशिक्षक प्रो. वाईके उपाध्याय, डॉ. सपना पवार एवं क्रीड़ाधिकारी राजेश सिंह के मार्गदर्शन में योगासन किए गए। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बेहतर स्वास्थ्य, मानवता के लिए सभी से योग किए जाने की अपील की। क्रीड़ा अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि योग से न केवल शरीर स्वस्थ होता है बल्कि कार्यक्षमता एवं एकाग्रता में भी वृद्धि होती है।

### पौंसरी स्कूल में शिक्षकों ने किया योग



**बोदरी।** पौसरी माध्यमिक शाला में योग दिवस उमंग एवं उत्साह से मनाया गया। योग शिक्षक डॉक्टर चन्द्रशेखर यादव ने परब्रह्म ओंकार का स्तुति करते पद्मासन से किया। सहयोगी शिक्षक लक्ष्मीचंद श्याम ने अनेक आसन को कुशलतापूर्वक कराया। संकुल समन्वयक श्रीकांति वर्मी, ग्राम पंचायत पौसरी की विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों के सदस्य एवं पदाधिकारी योग में शामिल हुए। शीतला स्व समूह से रानी चक्रवर्ती, अंम्बे समूह, कृष्णा समूह, सरस्वती समूह से सावित्री बाई गोमती रूखमणी ललिता जगर मती प्रतिभा गीता वृहस्पति मीना इंद्राणी आशा जानकी के साथ शाला के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### न्यायालय परिसर में योगाभ्यास



**बोदरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर बिल्हा में योग के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश सुश्री शुभदा गोयल के नितृत्व में आयोजित योग शिविर में न्यायाधीश, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी ने योग प्रशिक्षक शैलेन्द्र शर्मा के साथ योगाभ्यास किया। योग शिविर के दौरान श्रीमती रश्मि मिश्रा, कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश बिल्हा, यमुना प्रसाद वर्मा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बिल्हा, रामनाथ वर्मा सह सचिव अधिवक्ता संघ बिल्हा, अधिवक्ता संघ बिल्हा के अन्य पदाधिकारी एवं अधिवक्ता तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिल्हा मंडी प्रांगण में मना योग दिवस



**बिल्हा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंडी परिसर में योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक ने नागरिकों को योग अभ्यास कराया। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कोरबा से लाइव प्रसारण टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक धरम लाल कौशिक, भूपेन्द्र सवन्नी, डॉ देवेन्द्र कौशिक, मनोज वर्मा, सतीश शर्मा, कोमल ठाकुर, पुनीता डहरिया, धनेश्वरी डहरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष जमाबाई कोसले, महेश मखीजा, अशोक पटले, एसडीम बजरंग वर्मा, नायब तहसीलदार विनीत शर्मा, बीएमओ सुबह गरेवाल जनपद सीईओ पोयम नगर पंचायत सीएमओ प्रवीण गहलोत, नगर पंचायत इंजीनियर नरेंद्र दुबे के समस्त अधिकारी, नगर पंचायत बिल्हा के अधिकारी कर्मचारी सभी उपस्थित रहे।

### सीएम के सचिव ने महामाया के किए दर्शन




**रतनपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक, राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रभुनाथ बैडा प्रदेश उपअध्यक्ष राष्ट्रीय रजक महासंघ, रमेश अग्रवाल जिला अध्यक्ष पत्थलगांव जशपुर) एवं सुनील शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष बीजेपी पाली, कन्हैया निर्मलकर रविवार को रतनपुर पहुंचे। सभी ने मां महामाया के दरबार पहुंचकर देवी दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं प्रदेश में खुशी की कामना की। मंदिर से निकलने के दौरान उनकी नजर ट्राई साइकिल पर सवार दिव्यांग पर पड़ी, जिन्हें बुलाकर उनकी परेशानियों को जाना और तत्काल उसके निराकरण के निर्देश दिए।

## बरसात में घंटों फंसे रहते हैं वाहन

# जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान




सड़क पर बस के फंसने से लगा जाम।

**पथरिया।** विकास खंड अंतर्गत ग्राम दौना के सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी है। ग्रामीण जर्जर सड़क से परेशान हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस में सुधर को लेकर उदासीन बने हुए हैं। इस सड़क एक ओर ग्राम साकेत से लेकर दौना होते हुए पेण्ड्री सरगांव से जुडी हुई है जो लगभग 13 किलोमीटर का है। जहां ग्राम दौना के बीच गांव के मुख्य मार्ग अत्यंत ख़राब हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के जर्जर होने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात प्रारंभ होने पर इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने की संभावना बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना नियति बनी हुई है। इस सड़क में गड्ढों और गिट्टी के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता है, जबकि इस मार्ग से स्कूली बच्चे एंव किसानों व लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस बदहाल सड़क को ठीक करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है वही गांव के लोगो ने बताया की सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि से किए थे लेकिन आज तक सड़क की स्थिति नहीं बदली। ज्ञात हो की यह सड़क लोक निर्माण विभाग का है। ग्रामीण कई बार इस समस्या से अफसरों को अवगत करा चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा आज तक निर्माण कार्य शुरू नई किया गया है। ग्राम दौना के नागरिक संतोष डहरिया ने बताया की इनके गांव में आवागमन के लिए एकमात्र सड़क है। स्कूली बच्चे इसी जर्जर सड़क से होकर ही उन्हें पढ़ाई करने जाना पड़ता है। सब इंजिनियर लोक निर्माण विभाग पथरिया गौतम साहू ने बताया कि ग्राम दौना के सड़क निर्माण को लेकर बजट पर स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। स्वीकृति होने के बाद सड़क निर्माण हो जाएगा।

## सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत



पहली बारिश के बाद सड़क बनी तालाब।

**जरहागांव।** क्षेत्र में एक ऐसा भी गांव है जहां के ग्रामीण बारिश के दिनों में गांव में ही कैद होकर रह जाते हैं। पानी गिरते ही कीचड़, दलदल और फिसलन के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर सड़क पार करना पड़ता है। मामला ग्राम पंचायत कुरानकापा का है जहां के रहवासियों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

गांव से मुख्य सड़क पहुंच मार्ग का निर्माण आधा अधूरा किया गया जहां सड़क नहीं बनी। वही स्थान दलदल में तब्दील हो गया है। रोजमर्रा के काम से लोगों को गांव से बाहर जाना पड़ता है। वहीं आंगनबाड़ी व स्कूली बच्चे कीचड़ के करण आंगनबाड़ी नहीं पहुंच पा रहे हैं। स्कूली बच्चे वहां से कैसे आवागमन करें यह समस्या बनी हुई है। पढ़ाई को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। पंच अन्नू चतुर्वेदी व ईश्वर चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क पर कीचड़ है पर जल जीवन मिशन ने नाली खोद कर गांव का मुसीबत और बढ़ा दी है। एक तरह पंचायत सड़क नहीं बना पा रही है दूसरी तरफ घर घर पानी पहुंचाने के नाम पर पूरे गांव में नाली खोदकर छोड़ दिया गया है जिनके कारण ग्राम वासियों की मुसीबत बढ़ गई है।

### प्रस्ताव भेजा गया

सड़क निर्माण कराने प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। जैसे ही सेंक्शन होगा सड़क निर्माण कराया जाएगा।

**-शंकर यादव**, सरपंच ग्राम पंचायत कुरानकापा



सेवा सहकारी समिति तरवरपुर

## गबन-धोखाधड़ी मामले में धान खरीदी केंद्र प्रभारी पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

ग्राम तरवरपुर के धान उपार्जन केन्द्र में 650.80 क्विंटल धान कम पाए जाने पर केंद्र प्रभारी के फास्टरपुर थाने में अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

- 650.80 क्विंटल धान कम पाए जाने पर हुई एफआईआर

जानकारी के अनुसार 22 जून को फास्टरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कार्तिकश्वर जांगडे के पास सहकारी केन्द्रीय बैंक सेतगंगा के प्रबंधक विरेन्द्र टण्डन पिता धनप्रसाद टण्डन द्वारा ने लिखित आवेदन किया। आवेदन में धान उपार्जन केन्द्र तरवरपुर के धान खरीदी प्रभारी भूपेन्द्र बंजारे द्वारा 650.80 क्विंटल धान कम पाए जाने कुल कीमती बीस लाख सत्रह हजार चार सौ अस्सी रुपए का गवन एवं धोखाधड़ी कर अमानत में खयानत करना पाया गया। मामले में विभाग ने जांच प्रतिवेदन 12 प्रति में 22 जून अस्पष्ट हस्ताक्षर विरेन्द टण्डन शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर, शाखा सेतगंगा के द्वारा विभाग के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विभाग के रिपोर्ट पर पुलिस ने भादवि 420, 409 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। सहायक पंजीयक हितेश श्रीवास ने बताया कि तरवरपुर धान केंद्र में सत्यापन कराने पर सॉर्टेज मिलने पर खरीदी केंद्र प्रभारी के खिलाफ सम्बंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## सकरी को नगर पालिका बनाने की मांग को लेकर जन आंदोलन की चेतावनी

**सकरी।** सकरी को निगम क्षेत्र से अलग कर नगर पालिका परिषद बनाए जाने के लिए रविवार 23 जून को नगर पालिका बनाओ संघर्ष समिति की बैठक नगर के गायत्री मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई।

बैठक में सभी पार्टी के जन प्रतिनिधि, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य जन उपस्थित होकर सकरी को नगर पालिका बनाए जाने की मांग पर सहमति जताई बैठक में सर्वसम्मति से मंगलवार 25 जून को सकरी नगर बंद करने का निर्णय लिया गया उसी दिन संघर्ष समिति की अगुवाई में सकरी नगर को नगर निगम से पृथक पर नगर पालिका बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में पार्षद दिलीप कोरी एवं अमित भारते ने कहा कि सकरी नगरवासियों से नगर निगम भारी मात्रा में टैक्स वसूली कर रही है। व्यवस्था एवं सुविधा के लिए आम जनता मोहताज है। पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा तथा पूर्व जनपद सदस्य धर्मेश दुबे ने कहा कि नगर निगम में शामिल होना हमारे लिए



अभिशाप बन गया है। पूर्व अध्यक्ष चंपा दरस पनिक एवं पूर्व सरपंच अनिता हेमंत श्रीवास ने कहा कि नगर निगम में मिलने के बाद नगर का विकास नहीं हो रहा है। पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी ने कहा कि नगर पालिका बनाने के लिए विधायक प्रयासरत है हम सभी को भी सकारात्मक रूप से पार्टी फोरम और शासन तक अपनी बात रखनी चाहिए। इस अवसर पर अरुण गुप्ता, मोती माखीजा, सालिकराम कौशिक, पूर्व सरपंच सोनसाय साहू, मनोज साहू, नीरू बिष्ट, लक्ष्मी साहू, रामकली मेहर, धर्मेंद्र गौरहा, राजेश देवांगन, अमर गुप्ता, संदीप गुड्डा यादव, भागवत यादव, अमरनाथ साहू, प्रकाश पाल, राहुल श्रीवास, रामेश्वर साहू, अवतार मानिकपूरी आदि मौजूद थे।



## नागरिकों को दी गई तीन नए कानूनों की जानकारी

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित कम्युनिटी हॉल में भारतीय न्याय व्यवस्था अंतर्गत परिवर्तित किए गए 3 नवीन कानूनों से आम नागरिकों को अवगत कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर राहुल देव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए वर्तमान कानूनों द्वारा दंड के स्थान पर न्याय को वरीयता देने, पुलिस व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, कम्युनिटी पुलिसिंग आदि विषयों पर प्रकाश डाला। अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने नवीन कानूनों से अपराध पर त्वरित नियंत्रण के बारे में बताया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने नवीन कानूनों तथा उसके प्रावधानों के संबंध में शहर के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा आमजनो को संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यशाला में महिला जागृति मंच, वरिष्ठ नागरिक संघ, रोट्रेट क्लब आदि के सदस्य, जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा 289 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। अंग्रेजी एवं तर्क शक्ति के प्रश्नों ने परीक्षार्थी को उलझाया। प्रथम पाली में 6247 परीक्षार्थियों में से 4158 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 289 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 7 हजार 728 परीक्षार्थियों में से 4983 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वही 2745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में ही पीपीटी की परीक्षा में 710 परीक्षार्थी में से 188 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वही 522 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**खास बात**

- प्रथम पाली में 6247 में से 4158 ने परीक्षा दी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए जिले में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में 29 केन्द्र बनाए गए है। जिसमें 6247 परीक्षार्थियों में से 4158 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 289 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय



पाली में 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिसमें द्वितीय पाली में 7 हजार 728 परीक्षार्थियों में से 4983 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। वही 2745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, सहायक नोडल अधिकारी प्राचार्य रामनाथ गुप्ता, जयमंगल सिंह ध्रुव, नायब तहसीलदार अंकित राजपूत सहित पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

परीक्षा में अंग्रेजी के अलावा तर्कशक्ति एवं शिक्षकीय अभिरूचि के प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों को कठिन लगे। वही गणित एवं हिन्दी के प्रश्न सरल रहे। नगर सहित आसपास के केन्द्रों में दिन भर परीक्षार्थियों की भीड़ नजर आई। दोपहर में दूर-दराज से आए परीक्षार्थी भोजन आदि के लिए होटलों में नजर आते रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर काम बंद की दी चेतावनी



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने तीन सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर हड़ताल प्रारंभ कर दिया है। इनकी प्रमुख मांगों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारीयों का लंबित कार्य आधारित वेतन का भुगतान मई तक पूर्ण किया जावे और आगामी माह से प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान किया जाए। महिला स्वास्थ्य अधिकारीयों के सुरक्षा के मद्दे नजर उनके गृह जिले में स्थानांतरण देने हेतू झुठ प्रदान किया जाए। तथा मुख्यालय निवास का दायरा 8 किलों मीटर की परिधी में निवास करने हेतू छुट दिया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 21 जून से काम बंद करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर प्रफुल पाल प्रांतीय अध्यक्ष, सोहन कुम्भकर प्रांतीय कोषाध्यक्ष, अमित कौशिक प्रांतीय सूचना अधिकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष साधना चंद्र, लक्ष्मी भोई इंद्रजीत सकत, पूजा साहू, परमेश साहू सिद्धि थैवाइट मौजूद रहे।

## लुतरा शरीफ में महीना उर्स आज उमड़ेगी जायरीनों की भीड़



**सीपत।** बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह का महीना उर्स सोमवार को शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। ईदुल-अज़हा पर्व (बकरीद) के बाद पहली बार होने जा रहे इस मुबारक महीना उर्स में जायरीनों की भीड़ खूब होने की संभावना है। दरगाह इंतेजामिया कमेटी द्वारा शुद्ध शाकाहारी लंगर का इंतजाम जायरीनों के लिए किया गया है। उर्स के दौरान रायपुर निवासी फिरोज आलम के जानिब से दरगाह को आकर्षक फूलों से सजाया गया है। इस दरगाह को लेकर सबसे बड़ी बात ये है कि यहां सभी धर्म के लोग आकर हुजूर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के फैज से अपने दुख मुसीबत से छुटकारा पाते है। नई कमेटी लगातार दरगाह परिसर की स्वच्छता को लेकर गंभीर है। यही नहीं यहां संचालित मदरसा को आधुनिक,करने के साथ साथ जायरीनों की सहूलियत को लेकर भी तमाम तरह के प्रबंधन किए जा रहे हैं। इंतेजामिया कमेटी दरगाह लूतरा शरीफ के चेयरमैन इरशाद अली ने जायरीनों से गुजारिश की है कि महीना उर्स में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर बाबा सरकार की फैज़ान हासिल करें।

## पूर्व सरपंच ने किसान को रॉड लेकर दौड़ाया, थाने में शिकायत



**मस्तूरी।** जमीन के मामले को लेकर लिमतरा गांव के पूर्व सरपंच ने दबंगई दिखाते हुए किसान को रॉड लेकर मारने के लिए दौड़ाया। किसान ने इसकी शिकायत थाने में करते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिमतरा में रहने वाले रामखिलावन वैष्णव पिता भूषण वैष्णव और रामखिलावन के पुत्र योगेंद्र वैष्णव की गांव में ही 18 डिसमिल भूमि है जो दोनों पिता पुत्र के नाम पर दर्ज है। गांव के ही पूर्व सरपंच मोहरसाय घृतलहरे पिता फागुराम घृतलहरे ने उस पर कब्जा कर लिया था, जिसे प्रार्थी ने राजस्व न्यायालय की मदद से बेदखल कराया है। इसी बात को लेकर लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। पूर्व सरपंच द्वारा प्रार्थीयों पर जमीन बेचने का भी दबाव बनाया जा रहा है। 21 जून को सुबह 10 बजे के आसपास रामखिलावन अपने बेटे योगेंद्र वैष्णव के साथ जब अपने खेत में बुआई करने के लिए गए हुए थे तभी मौके पर गांव के पूर्व सरपंच मोहरसाय रॉड लेकर पहुंचा और प्रार्थियों को खेत में दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा था।

## सद्गुरु कबीर का प्राकट्य दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



**बेलतरा।** भारतीय मानिकपुरी पनिका समाज बेलतरा कोरबी समिति के तत्वावधान में सदगुरु कबीर का प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुद्वारा कोरबी से शोभा यात्रा प्रारंभ की गई, जो कोरबी, बगदेवा सरायपाली बेलपारा, बेलतरा, गिधौरी, नेवसा उसराभांठा, जाली, कर्रा, रतनपुर, बरभांठा भदरापारा, अंधियारी पारा, टिकरीपारा, कनई,खोदरा, लिम्हा, ग्रामों का भ्रमण किया। महंत निरतन दास, नैन दास दीवान धनी दास दीवान, द्वारा चौका आरती संपन्न कराया गया। इस अवसर पर शीतल दास मानिकपुरी, पुन्नी दास मानिकपुरी, मोहन दास महंत, अश्वनी दास कर्रा, जीवराखन दास, निर्मलदास कनई, भगवानदास बांका, दिलहरण दास, नवल दास दीवान, सहस दास, मंगल दास, श्रवण दास, कंवल दास, आरती दास, दिलदास, फुलदास, अनिकेत नमनी, संजय, मेलादास, आमीन मनिषदास, अमन मेलन बाईमानिकपुरी, सोनाली मानिकपुरी सविता शीतल दास, पुन्नी दास सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### छेदीलाल विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर शांति लॉज के पास रहने वाले छेदीलाल विश्वकर्मा का रविवार को निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन श्मशान घाट में किया गया। वे राजकुमार, रामकुमार एवं शिवकुमार विश्वकर्मा के पिता थे।

### पं. रविन्द्र बाजपेयी



**बिलासपुर।** भाटिया रेसीडेंसी मँगला निवासी ज्योतिष पं. रविंद्र बाजपेयी का 23 जून को निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से 24 जून सोमवार की सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अरुण कुमार मिश्रा के बहनोई थे।

### मिला राजपूत



**तखतपुर।** वार्ड 3 टिकरीपारा निवासी मिला राजपूत 65 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। वे बोधन सिंह ठाकुर की पत्नि एवं कोमल सिंह,शेखर सिंह,शेर सिंह, सोन सिंह की माता थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि पर किया याद

# अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि भाजपा मंडल तखतपुर द्वारा मनाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष अमरीका साहू ने डा.मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के स्वप्न द्रष्टा थे।

उन्होंने काश्मीर में धारा 370का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि -एक देश में दो विधान,दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेगा। काश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी,चिंतक और विचारक थे। इस अवसर पर दिलीप तोलानी, विश्वनाथ यादव और अजय



यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप कौशिक ने और आभार नैन लाल साहू महामंत्री ने किया। इस अवसर पर शिप्रा सामुएल, मालती यादव, लता कश्यप, लवकुमार पांडेय, बाला ठाकुर, राज अभिषेक पाण्डेय, तिलक देवांगन, सरजू यादव, दिनेश पांडेय, सोहन कश्यप, अंकित अग्रवाल, सूर्या कश्यप, नीलेश पांडेय, नवीन पाली, सुनील आहूजा, नरेन्द्र रात्रे, प्रमोद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बलिदान दिवस पर याद किए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी



**गौरेला।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया। मुख्य वक्ता पूर्व साडा अध्यक्ष महेंद्र सोनी ने कहा कि डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्र भक्त,विचारक एवं जनसंघ के संस्थापक थे। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलालसिंग राठौर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, आशीष गुप्ता ने डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### भाजपा पथरिया मंडल के सदस्यों ने रोपे पौधे



**पथरिया।** भारतीय जनता पार्टी पथरिया मण्डल द्वारा भारत के एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई साथ ही उनके विचारों पर चल कर राष्ट्र की एकता और अखंडता सुरक्षित रखने का संकल्प दोहराया गया। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को इस दिवस एक पेड़ अवश्य लगाने को कहा। बलिदान दिवस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जोता स्थित तालाब के चारों ओर पेड़ लगाया गया।

### भाजपा ने मरीजों को बांटे फल



**करगी रोड कोटा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। नगर महाशक्ति चौक शीतला माता शक्ति केंद्र राम मंदिर चौक शक्ति केंद्र पुराना बस्ती शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के द्वारा दीप प्रज्वलित कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का तिलक चंदन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैं मरीजों को फल वितरण वेंकट लाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ शूलेस पांडे मंडल महामंत्री, मोहन कोरी मंडल महामंत्री अनुसूचित जनजाति,राजा गुप्ता, संगीता गुप्ता जिला मंत्री महिला मोर्चा, लखन साहू पार्षद शक्ति केंद्र प्रभारी, गोविंद साहू, राजू साहू, उत्तम प्रजापति शक्ति केंद्र प्रभारी, जग्गू यादव, सनत गंधर्व, विकास सिंह, विमल गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, विमल गुप्ता, सुशांत साहू, पंचराम साहू, अंबिका मानिकपुरी, कचरी मानिकपुरी पूर्व पार्षद, कमलेश मानिकपुरी, मालती मानिकपुरी, वैजयंती मानिकपुरी, राजकुमारी मानिकपुरी, पार्वती मानिकपुरी, आदि कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।


## खबर संक्षेप

### शादी नहीं कराने पर खुदकुशी की दी धमकी

**बिलासपुर।** माता पिता ने बेटी को लड़के से मोबाइल में बातचीत करने से मना करते हुए फटकार लगाई। इससे प्रेमी युवक नशे में उनके घर में घुसकर शादी नहीं कराने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की डिघोरा निवासी भोला मिरी पिता शिव कुमार मिरी 19 साल से जान पहचान थी। पिछले दिनों माता पिता ने बेटी को मोबाइल में उक्त लड़के से छिपकर बातचीत करते देख लिया। उन्होंने उसे लड़के से बातचीत करने से मना किया। इस पर 22 जून को भोला मिरी लड़की के घर में घुस गया और उसके माता पिता को शादी नहीं कराने पर आत्महत्या करने की धमकी देकर उनके साथ गाली गलौज कर जमकर हंगामा मचाने लगा। पीड़ित माता पिता हिर्री थाने जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर भोला मिरी के खिलाफ धारा 456, 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग को भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में दोस्ती कर शादी करने का झांसा देकर



नाबालिग को भगाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 20 जून को क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। देर शाम तक उसके नहीं लौटने पर परिजन ने पतासाजी की। पता नहीं चलने पर 21 जून को परिजन के द्वारा नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई। पुलिस नाबालिग के पतासाजी में जुट गई। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीआई एसआर साहू ने स्टाफ के साथ मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी हरिओम जोशी पिता गणेश प्रसाद जोशी 19 साल के घर के दबिश देकर लापता नाबालिग को बरामद कर लिया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि उसकी हरिओम जोशी से सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। वह शादी करने का झांसा देकर घर से भगाकर अपने घर ले गया था। पुलिस ने धारा 363, 366 के तहत युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### इरानी मोहल्ले को दिया जा रहा समय,सर्वे के बाद यहां भी होगी तोड़फोड़

# मेलापारा में कार्रवाई जारी, तीन दिनों में तोड़े गए 450 से अधिक मकान



चांटीडीह मेलापारा में अवैध कब्जे वाले मकानों पर बुलडोजर चलाते निगम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चांटीडीह मेलापारा के अवैध झोपड़ियों पर नगर निगम का बुलडोजर चल रहा है। वहीं यहां के रहवासियों को अटल अवास में शिफ्ट किया जा रहा है। तीन दिनों में 450 से अधिक मकान तोड़े गए हैं।

रविवार को भी झोपड़ी तोड़ने का काम चला, लेकिन यहां निगम अफसरों ने कई लोगों को आवास अवंटित नहीं किया है। इसमें ज्यादातर ऐसे लोग हैं जो अकेल रहते हैं। इनके आगे-पीछे कोई नहीं। इनमें से एक 72 वर्षीय उर्मिला बाई पटेल भी हैं। इन्होंने बताया कि 47 साल पहले 1977 में अपने पति स्व.देवनाराण पटेल के साथ मिलकर उन्होने चांटीडीह में एक झोपड़ी बनाई थी। उनकी कोई संतान नहीं। पति की मौत के बाद वे अकेले रहती हैं। कुछ दिनों के लिए वे गांव गई थीं। यहां आकर देखा तो मोहल्ले में बुलडोजर चल रहे थे। आसपास के लोगों को अटल आवास में शिफ्ट कराया जा रहा था, लेकिन उर्मिला के नाम का आवास ही नहीं मिला। ऐसे में वह मलबे के बीच पिछले दो दिनों से वहीं बैठी हैं। अफसर यही जवाब दे रहे लिस्ट में नाम नहीं है, हमें परेशान मत करो हमें केवल मोहल्ले को खाली कराना है।

#### इरानी मोहल्ले के निवासी को समय

नगर निगम की टीम वर्तमान में मेला स्थल के आसपास और पानी टंकी के पीछे नदी किनारे बने झोपड़ियों को ही तोड़ रही और वहां रहने वालों को शिफ्ट कर रही है। जबकि रोड़ के दूसरे तरफ बसे इरानी बस्ती पर अभी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इरानी मोहल्लेवासियों को कुछ दिनों का समय भी देने की बात कही जा रही है। अभी भी मेलापारा में 300 से ज्यादा झोपड़ी तोड़ना बाकी है। टीम के मुताबिक झोपड़ी तोड़ने और रहवासियों को शिफ्ट कराने के काम में अभी एक सप्ताह लग सकता है। ऐसे में मौके में पुलिस की टीम को भी रखा गया है।

#### इंदिरा और राजीव गांधी के जमाने का पट्टा

चांटीडीह मेलापारा में रहने वालों ने बताया कि उर्मिला पटेल सालों से यहां रह रही हैं। ऐसे में मोहल्ले वालों के कहने पर भी उन्हें आवास नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा यहां ऐसे दर्जनभर लोग हैं, जिन्हें मकान दिया नहीं जा रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि मोहल्लेवासियों को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के जमाने में पट्टा भी वितरित किया गया था। लेकिन उसे मान्य नहीं किया जा रहा है। इसके चलते लोग आवास के लिए भटक रहे हैं लोग निगम का चक्कर काट रहे हैं।

#### अटल आवास में नलों की टोंटी टूटी, दरवाजे-खिड़की चोर ले गए

नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी मेलापारा वालों को अशोक नगर और बहतराई वेधशाला के पास बने आवास में शिफ्ट करा रहे हैं, लेकिन देखरेख नहीं होने के कारण यहां के आवास खंडहर हो गए हैं। कई अवासों के कमरों में खिड़की- दरवाजा तक गायब हैं। यहां बिजली और पानी तक की सुविधा नहीं है। नलों की टोंटी टूटी हैं, शिफ्टिंग के बाद पानी का बहाव रोकने के लिए लोग यहां नलों की टोटियों में कपड़ा बांध रहे है।



#### नालियों से आ रही बदबू

अशोक नगर के अटल आवास में कई लोगों को शिफ्ट किया गया है। यहां देखरेख के अभाव में मकानों की हालत खराब है। मकानों की ऊपरी मंजिल में सीपेज है। इसके अलावा नालियां जाम हैं और गंदगी बजबजा रही है।



#### खाली करवाकर तोड़े गए 90 मकान

चांटीडीह मेलापारा शिफ्टिंग की कार्रवाई के तीसरे दिन रविवार को 90 से अधिक घरों को खाली कराकर उसे तोड़ा गया। यहां शुक्रवार से कार्रवाई शुरू हुई है। तीन दिन के भीतर 450 से अधिक मकानों को तोड़ा जा चुका है।

#### सारे मकान तोड़े जाएंगे

चांटीडीह मेलापारा में अवैध कब्जे वाले सारे मकान तोड़े जाएंगे। कुछ पर तत्काल कार्रवाई हो रही तो कुछ को आवास आवंटित होने के बाद तोड़ा जाएगा। सभी पात्र हितग्राहियों को आवास दिया जा रहा है। जिन लोगों को आवास में शिफ्ट कराया जा रहा है वहां बिजली-पानी की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निगम की टीम व्यवस्था कर रही है।

**-सुरेश बरूवा**, सहायक अभियंता नगर निगम बिलासपुर।

### कोन्हेर गार्डन के पास संदिग्ध दो महिलाएं, एक युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने कोन्हेर गार्डन के पास दबिश देकर संदिग्ध रूप से खड़े दो महिलाओं व एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को कोन्हेर गार्डन के पास संदिग्ध रूप से महिलाओं के खड़े होने की सूचना सिविल लाइन पुलिस को मिली। थाना प्रभारी भावेश शेंडे ने स्टाफ के साथ गार्डन के पास दबिश देकर दो महिलाओं व एक युवक को पकड़ लिया है। वहीं अन्य महिलाएं पुलिस गाड़ी को दूर से देखकर भाग गईं। पूछताछ में दोनों महिलाओं ने देह व्यापार करना व युवक ने उनका सहयोग करना स्वीकार किया।

### सिम्स में 23 दिन के बाद

# आज से शुरू होगा सीटी स्कैन और एमआरआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में 23 दिनों के बाद सोमवार से सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी सुविधा मरीजों को उपलब्ध हो सकेगी, कलेक्टर ने रविवार को सिम्स का औचक निरीक्षण किया। सिम्स अस्पताल की सेवाओं में तेजी से सुधार आया है। दरअसल मशीनें बंद होने से अस्पताल के मरीजों को बाहर जांच कराना पड़ रहा है, इस संबंध में हरिभूमि द्वारा समाचार प्रकाशित किया गया था, जिसके कलेक्टर अवनीश शरण ने गंभीरता से लेते हुए सिम्स प्रबंधन को निर्देशित किया था।

- **कलेक्टर पहुंचे सिम्स, लिया कामों का जायजा**

पिछले लगभग तीन माह में सिम्स में काफी काम हुए हैं। अस्पताल की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम भी उठाए गए हैं। डीएमएफ मद से बुनियादी जरूरत भी तत्काल स्वीकृति देकर पूर्ण की जा रही है। रविवार को भी कलेक्टर ने सिम्स का निरीक्षण किया, इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस के नायक ने पिछले तीन महीनों से जारी काम के बारे में चर्चा की। 14 जून को भी कलेक्टर ने सिम्स का निरीक्षण किया था और एमआरआई व सीटी स्कैन को शुरू कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्रबंधन की उदासीनता और कंपनी की लापरवाही के चलते यह मशीन 23 दिनों से बंद रही है, इस विषय पर मरीजों की समस्याओं को लेकर लगातार हरिभूमि द्वारा खबरें प्रकाशित की गई हैं, जिसके बाद प्रबंधन ने मशीनों से लेकर एसी का सुधार कार्य शुरू करा दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार से सभी मशीनें मरीजों को सेवाएं दे सकेंगी।

#### मशीनों का इंस्टालेशन जारी

कोनी में सिम्स का मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल तेजी से आकार ले रहा है। पीएमएसएसवाई योजना के अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा 200 करोड़ रुपए की परियोजना है। अस्पताल में अबतक सेवाएं शुरू नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इस साल के अंत तक अस्पताल में मरीजों को सेवाएं जरूर दी जा सकेगी। फिलहाल अस्पताल का सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य पूर्ण होने को है, 105 विभिन्न उपकरण की आपूर्ति हेतु हाइट्स कंपनी के द्वारा 56 उपकरण में से 23 की स्थापना की गई है। सेवाएं शुरू करने के लिए कर्मचारियों की भर्ती शुरू हो चुकी है। अस्पताल में कार्डियोलॉजी, कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, नेप्रोलॉजी और यूरोलॉजी जैसे छह सुपर स्पेशलिटी विभाग नियोजित हैं। यूरोलॉजी न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और एनेस्थीसिया विभागों में 4 विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त किए जा चुके हैं। डायग्मोस्टिक सेवा विभागों में 10 रैजिडेंट्स डॉक्टर नियुक्त किए गए हैं। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू नहीं होने के कारण विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा सिम्स अस्पताल में सेवा दी जा रही है। सिम्स में न्यूरोलॉजी ओपीडी सेवाएं और यूरोलॉजी ओपीडी सप्ताह दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को शुरू हो गई हैं। न्यूरॉसर्जरी ओपीडी सेवाएं सप्ताह में 2 दिन बुधवार और शनिवार को शुरू हो गई हैं। पिछले दो सप्ताह में न्यूरोसर्जरी में 49 मरीज, न्यूरोलॉजी में 95 मरीज ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं।

#### क्यूआर से अब पंजीयन की सुविधा

सिम्स ने ओपीडी पंजीकरण क्यूआर कोड स्कैनिंग सिस्टम से की जा रही है। नए क्यूआर कोड स्कैनिंग सिस्टम के तहत मरीजों को पंजीकरण के लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं है। यह सेवा घर पर ही उपलब्ध हो सकेगा, जिससे मरीजों चिकित्सा रिकॉर्ड भी प्राप्त हो सकते हैं। सिम्स अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल प्रति दिन 150 से 250 लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

### 70 किलो केबल सहित कबाड़ी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र की एक कबाड़ दुकान में पुलिस ने छापा मारकर 70 किलो केबल बरामद किया है। पुलिस ने केबल जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। नए सिरगिट्टी टीआई विजय कुमार चौधरी को क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि बन्नाक चौक स्थित कबाड़ी दुकान में चोरी का सामान खरीदा जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ कबाड़ी दुकान की तलाशी ली, दुकान के अंदर 70 किलो केबल मिला। पूछताछ करने पर कबाड़ी सिरगिट्टी गुरू गोविंद सिंह मंगलम भवन निवासी मोहसीन शेख पिता शेख कदीर 31 साल संतोषजनक जवाब और बिल प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने चोरी के संदेह पर केबल जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

पेट रोग (गैस्ट्रोएंटेरालॉजी), लिवर ट्रांसप्लांट एवं जटिल लिवर, पेनक्रियास, पित्त रोग जांच परामर्श ओपीडी सेवाएँ
26 जून 2024, बुधवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थानः श्री रमणी ट्रीटमेंट सेंटर, कल्पना विहार, नेहरू नगर, बिलासपुर, समयः दोपहर 12:30 से 2 बजे तक
विशेषज्ञ
डॉ. अजीत मिश्रा
MBBS MS M.Ch
Senior Consultant, Hepatobilliary Pancreatic Surgery and Liver Transplant Surgical Gastroenterology and Liver Transplant Department
विशेषज्ञ
डॉ. धीरज प्रेमचंदानी
MS FNB (Minimal Access Surgery) FACRSI
Consultant-Surgical Gastroenterologist
Department of GI, HPB and Liver Transplant Surgery
पाचन तंत्र रोग के लक्षण
• सीने में जलन
• खाना या पानी अटकना
• क्रॉनिक पेंनक्रियाटाईटिस
• मल में तेल का रिसाव
• असहनीय पेट दर्द
• पीलिया, खून की उल्टी
• पेट में पानी भरना
• पेट में दर्द या जलन
• उल्टी, भूख ना लगना
• पेट में भारीपन/मतली आना
• पेट दर्द/उल्टी/पीलिया
• कब्ज, डायरिया
• मलद्वार से खून
• केडावरिक ट्रांसप्लांट
• लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट
• पेडियाट्रिक ट्रांसप्लांट
• रोबोटिक सर्जरी
• आधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
पेट, लिवर एवं पेनक्रियाज की समस्याओं का संपूर्ण निदान
MAHESHWARI4655
अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए संपर्कः 7000641113, 7224977729
कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपार्ट साथ लायें।
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
अपॉइंटमेंटः 0771-6165656

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024,
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
12 सितम्बर से 24 सितम्बर 2024,
02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Bilaspur To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

35वी सालगिरह के उपलक्ष्य में 24 जून 2024
हमारा उद्देश्य - निरन्तर गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पारदर्शिता
सन 1991 से अंचल का सर्वप्रथम
सिहारे चिल्ड्रन हॉस्पिटल
नियोनेटल एवं पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर
संस्थान में नवजात शिशु से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों की सभी बीमारियों का इलाज किया जाता है।
Impulse oscillometry
ECG
GBM Sickle Care Center
गौर बोस मेमोरियल सिकल समाधान केन्द्र रियायत दरों पर सिकल के मरीजों का उपचार
GOUR BOSE MEMORIAL SICKLE CELL CENTER BILASPUR, CHHATTISGARH
Vaccination Center
नवजात बच्चें से लेकर सभी उम्र के लोगों के लिए टीकाकरण
Vaccination for all ages
अन्य सुविधा
पैथोलाजी लैब
X-RAY
ECG
EEG
Impulse OScillomentry
Spiromentry
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
अस्थमा केयर सेंटर
ट्रेन्ड डाक्टरों द्वारा Impulse Oscillomentry & Spiromentry जैसे एडवांस उपकरणों द्वारा दमा के मरीजों की जांच व इलाज
Epilepsy (मिर्गी) केयर सेंटर
बच्चों के मिर्गी की बीमारी का इलाज
EEG की सुविधा उपलब्ध
ANAEMIA CLINIC
खून की कमी वाले रोगियों का डायग्नोसिस व इलाज

डॉ प्रदीप सिहारे MD DCH
डॉ राजीव शिवहरे DCH
डॉ प्रदीप रात्रे MD PDCC
डॉ विनोद अग्रवाल MBBS DCP सिकल एक्सपर्ट
निराला नगर, पुराने बस स्टेंड के पास बिलासपुर (छ.ग.), फोन-07752-237888, 4028888, 9424148888